भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्याः18
22 नवम्बर, 2011 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

<u>सरकार द्वारा खरीदी गई दवाइयों को कम दामों पर बेचा जाना</u>

18. श्री श्रीगोपाल व्यासः

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में सरकारी दवाओं को बाजार में कम दामों पर बेचा जा रहा है;

(ख) क्या इस संबंध में जांच की गई है और अपराधी पकड़े गए हैं; और

(ग) यदि हां, तो क्या इस काम में लगे हुए सभी स्तरों पर उत्तरदायी लोगों की पहचान कर ली गई है और इनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की जा रही है?

उ त्त र

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

राज्य सभा में 22 नवम्बर, 2011 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या 18 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

*****

जी, नहीं। श्रीमान तथापि, दिल्ली पुलिस ने विगत तीन वर्षों में खुले बाजार में चोरी की गई सीजीएचएस दवाओं की बिक्री करने के आरोपों के संबंध में जांच करने के लिए कुछ सीजीएचएस अधिकारियों को गिरफ्तार किया है जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया हैः-

2009-श्री रेवती प्रसाद शर्मा, फार्मासिस्ट/स्टोर कीपर, विवेक विहार औषधालय और श्री मिथुन त्यागी, कम्प्यूटर ऑपरेटर, यमुना विहार वेलनेस सेंटर।

2010-शून्य

2011- विभिन्न सीजीएचएस औषधालयों के पांच अधिकारी, श्री/सर्वश्री- अतर सिंह मस्तवाल, फार्मासिस्ट/स्टोर कीपर, रविन्दर कुमार, फार्मासिस्ट, कृष्ण कुमार, फार्मासिस्ट, सुनील कुमार, फार्मासिस्ट और बच्चा सिंह, ड्रेसर।

श्री मिथुन त्यागी की सेवाएं बर्खास्त कर दी गई हैं, श्री रेवती प्रसाद शर्मा के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। वर्ष 2011 में गिरफ्तार किए गए पांच अधिकारियों की सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं।